एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

फ्रोज़न 2 के हिन्दी वर्जन में एल्सा और ऐना को आवाज देंगी परिणीति और प्रियंका चोपड़ा

ग्लोबल सेंसेशन प्रियंका चोपड़ा जोनस और उनकी कजिन बहन परिणीति चोपड़ा फ्रोज़न 2 के हिन्दी वर्जन से जुड़ चुकी हैं। दरअसल दोनों बहनें एल्सा और ऐना के किरदारों को अपनी आवाज देने जा रही हैं। ...तो तैयार हो जाइए, प्रियंका और परिणीति के साथ एल्सा और ऐना की दुनिया घूमने के लिए। मेकर्स ने पिछले महीने इस फिल्म का नया ट्रेलर जारी किया है और फैन्स को इस मेगा हिट एनीमेटेड फिल्म का बड़ी ही बेसब्री से इंतज़ार है। फिल्म में ऐना, एल्सा, क्रिस्टॉफ और ओलाफ क्वीन एल्सा के मैजिकल पावर का पता लगाएंगे। प्रियंका ने

इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए यह जानकारी फैन्स को खुद दी है और लिखा है, मीमी और टिशा अब एल्सा और ऐमा हैं! चोपड़ा बहनें फाइनली डिज़्नी की फ्रोज़न 2 में साथ आ रही हैं। आपलोग आकर हमें देखें इसके लिए अब और इंतजार मुश्किल है...मेरे कहने का मतलब है कि इन दमदार किरदारों को हमारी आवाज में सुनिए। फ्रोज़न 2 अब 22 नवंबर को सिनेमाघरों में आ रही है। अब यकीनन पर्दे पर चोपड़ा सिस्टर्स को एकसाथ महसूस करना फैन्स के लिए मजेदार होनेवाला है। बता दें कि प्रियंका हाल ही में द स्काई इज पिंक में नजर आई हैं, जिसमें उनके साथ फरहान अख्तर भी थे। परिणीति के प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो वह बहुत जल्द साइना नेहवाल की बायॉपिक फिल्म में नजर आनेवाली हैं।

नेहा धूपिया चैट शो के साथ वापसी को लेकर है बेहद एक्साइटेड

बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया अपने चैट शो हैश टैग नो फिल्टर नेहा के चौथे सीजन के साथ वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उत्साहित भी. अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने शो की सादगी को बरकरार रखने की कोशिश की है और अभी भी वह कुछ पहलुओं को उजागर कर रही हैं. नेहा ने कहा, हमारे प्रशंसक और हमारे मेहमान पिछले सीजन की सफलता के पीछे प्रेरक शक्ति रहे और मैं शो का एक ओर सीजन लाने के लिए रोमांचित हूं.

उन्होंने कहा, हमने अपने शो की सादगी को बरकरार रखने की कोशिश की है और फिर भी कुछ खास पहलुओं को उभारा है, ताकि हमारे फेवरेट सेलेब्स के साथ खुलकर बातचीत की जा सके.

मैं सीजन 4 के साथ वापस आने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती. बता दें कि नेहा ने पिछले साल अभिनेता अंगद बेदी से शादी की थी. इसके बाद कुछ ही महीनो पहले नेहा ने बेटी को जन्म दिया है. बेटी के जन्म के बाद नेहा वर्क फ्रंट में पूरी तरह से एक्टिव हैं.

उरी को पछाड़ सबसे कमाऊ फिल्मों की लिस्ट में शामिल हुई वॉर

ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ की फिल्म वॉर को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए दो हफ्ते पूरे हो चुके हैं और ये फिल्म अब भी बंपर कमाई कर रही है. ये एक्शन थ्रिलर फिल्म 12 दिनों में 271.65 करोड़ की कमाई कर चुकी है और इसी के साथ अब तक 11 सबसे ज्यादा कमाऊं फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है. इस फिल्म ने विक्की कौशन की फिल्म उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक को पछाड़ते हुए इस लिस्ट में शामिल हुई है. अब उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक सबसे ज्यादा कमाऊं फिल्मों की लिस्ट में 12वें नंबर पर है. उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक की कुल लाइफटाइम कमाई 245.36 करोड़ है. बॉलीवुड की सबसे कमाऊं फिल्मों की लिस्ट में नंबर वन पर बाहुबली 2 (हिंदी) है. इसके बाद दूसरे नंबर पर आमिर खान की दंगल, तीसरे नंबर पर रणबीर कूपर की संजू, चौथे नबंर पर पीके, पांचवे नंबर पर सलमान

खान की टाइगर ज़िंदा है और छठें नंबर पर बजरंगी भाईजान है. इस लिस्ट में सातवें नंबर पर दीपिका, रणवीर की पद्मावत, आठवें नंबर पर सलमान की सुल्तान, नौवें नंबर पर आमिर खान की धूम 3, दसवें नंबर पर शाहिद कपूर की कबीर सिंह है. वॉर ने अपने पहले हफ्ते में 238 करोड़ कमाए थे और अब दूसरे हफ्ते में भी इस फिल्म ने 33.30 करोड़ कमा लिए. कुल मिलाकर ये फिल्म 271.65 करोड़ कमा चुकी है. ये फिल्म यशराज की भी चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है. बता दें कि पिछले शुक्रवार सिनेमाघरों में प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर की फिल्म द स्काई इज पिंक रिलीज हुई है, लेकिन इस फिल्म की रिलीज का कोई असर वॉर की कमाई पर नहीं हुआ है. अपने ओपेनिंग वीकेंड में द स्काई इज पिंक सिर्फ 10 करोड़ ही कमा पाई है.